Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 03-08-2006

Participants : Athawale Shri Ramdas

an>

Title : Need to extend reservation benefits to those Scheduled Castes who have adopted Buddhism.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : महोदय, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जी के नेतृत्व में 14 अक्तूबर, 1956 के दिन नागपुर महाराट्र में 20 लाख लोगों ने हिन्दू धर्म को त्याग कर समाजवादी बौद्ध धर्म की दीक्षा ले ली थी। उसे इस वर्ा 50 साल पुरे हो रहे हैं। इस वर्ा में तथागत गौतम बुद्ध की 2550वीं जयन्ती भी आ रही है। भारत सरकार से अनुरोध है कि बौद्ध धर्म दीक्षा समारोह का स्वर्ण जयंती महोत्सव और बुद्ध जयंती 2550 बड़े धूमधाम से मनायी जाए। इस कार्यक्रम में दुनिया के सभी बौद्ध राट्रों के प्रतिनिधियों को भी बुलाया जाए।

महाराट्र में जो लोग अनुसूचित जाति से बौद्ध बने हैं, उन्हें अनुसूचित जाति की सभी सुविधाएं, जैसे - शिक्षा, नौकरी में आरक्षण देने का निर्णय 1990 में लिया गया था, लेकिन 2001 की जनगणना में बौद्धों को अनुसूचित जाति से निकाल दिया गया है। इन्हें दोबारा अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए संविधान में संशोधन किया जाए।